समस्त पत्र–व्यवहार "कुलसचिव" को ही संबोधित किया जाये
किसी अधिकारी के व्यक्तिगत नाम से नहीं । पूर्व सन्दर्भ यदि हो
तो, देना आवश्यक हैं अन्यथा कोई कार्यवाही संभव नहीं होगी ।

दूरभाष : 2529540,2527532
तार : यूनिव्हर्सिटी
फेक्स : 0731–2529540

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

विश्वविद्यालय भवन
इन्दौर–452 001

क्रमांक : परीक्षा/सामान्य/2021/410 दिनांक : – 9 JUL 2021

प्रति,
प्राचार्य
समस्त शासकीय/अनुदान प्राप्त/अशासकीय महाविद्यालय,
इन्दौर संभाग, इन्दौर

विषय:– देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की स्नातक स्तर की केवल ए.टी.के.टी. की बी.ए/बी.एस.सी./बी.एच एस.सी./बी.कॉम/बी.कॉम (ऑनर्स)/बी.ए. पत्रकारिता/बी.ए.समाजकार्य की प्रथम सेमेस्टर से षष्टम सेमेस्टर तक (केवल ए.टी.के.टी. विद्यार्थी) की परीक्षा का आयोजन

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर द्वारा की स्नातक स्तर की केवल ए.टी.के.टी. की बी.ए/बी.एस.सी./बी.एच.एस.सी./बी.कॉम/बी.कॉम (ऑनर्स)/बी.ए. पत्रकारिता/बी.ए.समाजकार्य की प्रथम सेमेस्टर से षष्टम सेमेस्टर तक (केवल ए.टी.के.टी. विद्यार्थी) की परीक्षा का आयोजन किया जाना है। उपरोक्त परीक्षाओं के परीक्षा फार्म विद्यार्थीयों द्वारा ऑफलाईन प्रक्रिया के अन्तर्गत संबंधित महाविद्यालय में जमा कर दिये गये है। उपरोक्त परीक्षा उच्चशिक्षा विभाग के आदेश क्रमांक 811/969/2020/38/शा. 3/दिनांक 26.08.2020 के बिन्दु क्रमांक 4 के अनुसार आयोजित की जावेगी। समस्त प्राचार्य उपरोक्त विद्यार्थियों की परीक्षा महाविद्यालय स्तर पर असाइनमेंट के माध्यम से सम्पन्न करवाकर विद्यार्थी के प्राप्तांक विश्वविद्यालय को प्रेषित करेंगे। प्राप्तांक भेजने हेतु निम्नलिखित महत्वपूर्ण बिन्दुओं का पालन करें।

1. महाविद्यालय में प्राप्त परीक्षा फार्म के अनुसार विद्यार्थियों के प्राप्तांक विषयवार संलग्न प्रपत्र "अ" के अनुसार विश्वविद्यालय को प्रेषित करें।
2. प्राप्तांक सिर्फ विश्वविद्यालय को मेल के द्वारा भेजे जाने हैं। हॉर्ड कापी में प्राप्तांक नही भेजे जाने हैं प्राप्तांक भेजने की E-mail id semаtktdavv@gmail.com है। हार्ड कापी में प्राप्तांक किसी भी स्थिति में स्वीकार नही किए जावेंगे।
3. विद्यार्थियों के प्राप्तांक विषय के पूर्णाक मे से देने है। उदाहरणार्थ यदि भूतपूर्व विद्यार्थी ने इतिहास विषय की ए.टी.के.टी. की परीक्षा दी है तो चूँकि इतिहास का प्रश्नपत्र का पूर्णाक 85 है तो 85 में से अंक प्रदान करना है तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के अंक 100 में से प्रदान करना हैं।
4. ए.टी.के.टी. के प्रायोगिक परीक्षाओ का मूल्यांकन भी असाइनमेंट के आधार पर करवा कर प्राप्तांक विश्वविद्यालय में प्रेषित करना है। प्रायोगिक परीक्षाओं का मूल्यांकन भी विषय के पूर्णांक मे से करना है।
5. समस्त विद्यार्थियों के प्राप्तांक भेजने की अंतिम दिनांक 10.08.2021 रहेगी। अंतिम दिनांक के बाद किसी भी स्थिति में प्राप्तांक स्वीकार नही किये जावेंगे।
6. समस्त प्राचार्य विद्यार्थी के प्राप्तांक भेजने में अत्यन्त सावधानी रखे, महाविद्यालय द्वारा प्राप्तांक नही भिजवाने की दशा में विद्यार्थी का परीक्षा फल अनुपस्थित दर्शा कर घोषित किया जायेगा। इस विषय में यदि विद्यार्थी भविष्य में शिकायत करता है तो महाविद्यालय स्वयं जिम्मेदार होगा।

परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन क्रमांक: परीक्षा/सामान्य/2020/410 **दिनांक :** – 9 JUL 2021
प्रतिलिपि :–

1. अतिरिक्त संचालक, उच्चशिक्षा , इन्दौर संभाग, मोती तबेला, इन्दौर
2. प्राचार्य समस्त शासकीय/अग्रणीय/अनुदान महाविद्यालय, इन्दौर
3. संकायाध्यक्ष, छात्रकल्याण, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर
4. कुलपतिजी के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक की ओर प्रेक्षित।
5. प्रभारी, परीक्षा/गोपनीय कंट्रोल रूम/लेखा/प्रशासन/शैक्षणिक/विकास/मुद्रणालय/केन्द्रीय कार्यालय/विभाग के संबंधित सहायक, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर
6. प्रभारी नेट. आई.टी. सेन्टर/ प्रभारी एम.पी. आनलाइन, आय.आय.पी.एस., दे.अ.वि.वि. इन्दौर ।
7. पूछताछ कक्ष, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर की और सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

उपकुलसचिव (परीक्षा)

प्रपत्र "अ"

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की स्नातक स्तर की केवल ए.टी.के.टी. की बी.ए/बी.एस.सी./बी.एच.एस.सी./बी.कॉम/बी.कॉम (ऑनर्स)/बी.ए. पत्रकारिता/बी.ए.समाजकार्य की प्रथम सेमेस्टर से षष्टम सेमेस्टर तक (केवल ए.टी.के.टी. विद्यार्थी) की परीक्षा के विद्यार्थियों के प्राप्तांक भेजने का प्रारूप

महाविद्यालय का नाम :–...

कक्षा का नाम :–...

भूतपूर्व/प्रायवेट :–..

विषय का नाम :–..

पूर्णांक :– ....

क्रं.	विद्यार्थी का रोल नं.	प्राप्तांक

प्राचार्य सील हस्ताक्षर